वेबसाईट : www.abvp.org पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 1 जनवरी 2023

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

अभाविप प्रतिनिधिमंडल ने यूजीसी चेयरमैन को दिया ज्ञापन।

कोरोना के कारण विलंबित अकादमिक सत्र को पूर्ववत किया जाए, अनियमितताएं हों दूर: अभाविप।

सभी विश्वविद्यालयों में नियमित करवाए जाएं छात्रसंघ चुनाव: अभाविप।

दि. 31 दिसंबर 2022, शनिवार को दिल्ली में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष प्रो एम जगदीश कुमार को शिक्षा क्षेत्र के विषयों के संबंध में एक ज्ञापन दिया। अभाविप ने ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन, सभी योग्य पीएचडी अध्येताओं को नॉन नेट फेलोशिप देने तथा नॉन नेट फेलोशिप की राशि बढ़ाने, कोरोना के कारण प्रभावित शैक्षणिक सत्र को पूर्ववत करने आदि मांगे रखी हैं।

साथ ही अभाविप ने ज्ञापन में प्रवेश तथा पात्रता परीक्षाओं के लिए कैलेंडर जारी करने, नियमित छात्रसंघ चुनाव करवाने, शोध तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए छात्रों की संख्या के अनुरूप बुनियादी ढांचे के विकास, भारतीय भाषाओं में पाठ्यक्रम तैयार करने तथा इंडस्ट्रियों व शिक्षा क्षेत्र को पाठ्यक्रम सहित विभिन स्तर पर जोड़ने आदि विषयों को उठाया है।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि,"कोरोना महामारी के कारण शिक्षा क्षेत्र में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। अभाविप ने छात्रों व शिक्षा क्षेत्र से जुड़े अन्य हितधारकों से विस्तृत चर्चा करने के उपरांत आधारभूत ढांचे के विकास, शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, शोध क्षेत्र में अधिक निवेश आदि विषयों पर ठोस निर्णय लेने की मांग की है। अभाविप आशा करती है कि इन विषयों पर यूजीसी द्वारा शीघ्र निर्णय लिया जाएगा।"

यूजीसी चेयरमैन से मिले प्रतिनिधिमंडल में अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल, राष्ट्रीय मंत्री साक्षी सिंह, हरिकृष्ण नागोथू, मुस्तफा अली, बिराज विश्वास उपस्थित रहे।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)